मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 17/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 340/2025
17 जनवरी 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
===================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु गठित संसदीय समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की
==================

◆ मुख्यमंत्री एवं संसदीय समिति के बीच एससी एवं एसटी के विकास हेतु चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं समेत कई विषयों/मुद्दों पर हुआ विचार- विमर्श
===================

● अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के विकास तथा कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

● अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की विकास में भागीदारी मजबूत करने के लिए उठा रहे ठोस कदम

● अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान के लिए केंद्र और राज्य को मिलकर करना होगा कार्य

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से रांची के अध्ययन भ्रमण पर आए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु गठित सात सदस्यीय संसदीय समिति के सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले इस संसदीय समिति के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य डॉ फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ सदस्य डॉ मल्लू रवि (लोकसभा सांसद), श्री वीडी राम (लोकसभा सांसद), श्रीमती प्रतिमा मंडल (लोकसभा सांसद), श्री रवांग्वरा नारज़ारी (राज्यसभा सांसद), श्रीमती फूलो देवी नेताम (राज्यसभा सांसद) और श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह (राज्यसभा सांसद) शामिल थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं संसदीय समिति के बीच अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं समेत कई विषयों/मुद्दों पर विस्तृत विचार- विमर्श हुआ।

एससी -एसटी के उत्थान और विकास के लिए मिलकर कार्य करना होगा

मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उत्थान और विकास के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को मिलकर काम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहाँ अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की एक बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन प्रगति के रास्ते पर उन्हें जितना आगे आना चाहिए, उसमें कहीं ना कहीं पीछे रह गए हैं। ऐसे मे विकास में उनकी भागीदारी मजबूत करने के लिए ठोस नीति बनाकर उसे योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना होगा ताकि उन्हें सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में हमारी सरकार निरंतर कार्य करती आ रही है और उसके सकारात्मक परिणाम लगातार देखने को मिल रहे हैं। हमारी सरकार अनुसूचित जाति और जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है और विजन डाक्यूमेंट तथा रोड मैप तैयार कर आगे कई और ठोस कदम उठाने जा रही है।

मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात करने वाले संसदीय समिति के सचिव एवं एडिशनल सेक्रेटरी श्री डी आर शेखर, डिप्टी सेक्रेटरी श्री मोहन अरुमाला, अंडर सेक्रेटरी श्री एन टूथांग,जॉइंट डायरेक्टर श्री टीआरएस गोस्वामी तथा कमिटी अफसर श्रीमती पूजा किर्थवाल भी शामिल थे।

###

==================

TeamPRD(CMO)